भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शुक्रवार 04 जुलाई 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज का आरोप, भतीजे के लिए धृतराष्ट्र बने परमानंद गिरि महाराज

ज्योतिर्मयानंद द्वारा आश्रमों पर कब्जा, धर्म की आड़ में गुंडागर्दी!

उज्जैन।

महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने अब सनातन धर्म की आड़ में धंधा करने वाले लोगों की पोल खोलने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज, उनके भतीजे ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

वैराग्यानंद गिरी महाराज ने कहा है कि महामंडलेश्वर युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज, जो दशकों से ब्रह्मज्ञान और सत्य के उपदेशक बने घूमते रहे हैं, आज खुद अपने ही घर के षड्यंत्र में आंखें मूंदे बैठे हैं। उनके भतीजे ज्योतिर्मयानंद पर सनातन धर्म की गरिमा को कलंकित करने, संत समाज को अपमानित करने और चारधाम जैसे प्रतिष्ठित आश्रमों पर खुलेआम गुंडागर्दी कर कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाते हुए महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने कहा कि ज्योतिर्मयानंद ने दिल्ली, उज्जैन और उत्तरप्रदेश के कई आश्रमों को जबरन हथिया लिया। उज्जैन के चारधाम मंदिर की तो लूट ही कर ली, जिसे पीठाधीश्वर शांति स्वरूपानंद ने अपनी सारी उम्र धर्म की सेवा में खपाकर खड़ा किया था। इतना ही नहीं यहां होने वाली संस्कृति की पढ़ाई को भी ज्योतिर्मयानंद ने बंद करवा दिया। इससे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार का रास्ता भी बंद हो गया है। स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने तीखे शब्दों में कहा, आज





धर्म की रक्षा करने वाला अखाड़ा तंत्र अगर मौन बैठा रहा तो आने वाले समय में संत समाज को मठ-मंदिरों के नाम पर ऐसे दुर्योधन लूटते रहेंगे और धर्माचार्य धृतराष्ट्र बने बैठे रहेंगे। उन्होंने युगपुरुष परमानंद गिरि महाराज पर भी सीधा सवाल उठाया कि वे अपने भतीजे की इस गुंडागर्दी के सामने क्यों आंखें बंद किए हुए हैं? क्या धन और संपत्ति की हवस में रिश्ता बड़ा हो गया और धर्म छोटा पड़ गया?

गुरु की जगह लिखवाया गृहस्थ पिता का नाम

स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने आरोप लगाया कि ज्योतिर्मयानंद ने न केवल संपत्तियों को हड़पा है बल्कि उज्जैन में एक माता के साथ घोर कुकृत्य करने के आरोप भी उस पर लगे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परमानंद गिरि महाराज अखंडानंद महाराज का नाम लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन स्वयं अपनी भारतीय आईडी में गुरु के नाम की जगह अपने गृहस्थ पिता कालीचरण का नाम लिखवाकर अखाड़े की सनातन परंपरा की धज्जियां उड़ा चुके हैं। महामंडलेश्वर स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, जूना अखाड़े के महंत एवं अखाड़ा परिषद के सचिव हरिगिरि महाराज सहित सभी 13 अखाड़ों से मांग की है कि ÷ऐसे धर्म को बेचने वाले धोखेबाज गृहस्थ को संत समाज से बाहर निकाल फेंका जाए, और जिन आश्रमों पर उसने कब्जा जमाया है, उन्हें तुरंत अखाड़ा परिषद के अधीन लाया जाए।

न्याय नहीं मिला तो करेंगे जन आंदोलन÷

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मांग की है कि ज्योतिर्मयानंद के तमाम घिनौने कारनामों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि सनातन धर्म के नाम पर ऐसे अपराधियों को संरक्षण न मिले। स्वामी वैराग्यानंद गिरि महाराज ने साफ चेतावनी दी, अगर न्याय नहीं मिला तो मैं सैकड़ों संतों को साथ लेकर ऐसा जनांदोलन खड़ा करूंगा, जिससे धर्म की आड़ में मठ-मंदिरों को हड़पने वालों के पांव उखड़ जाएंगे। यह लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है।

विषय-सिंदूर का पौधा एवं त्रिशूल लेकर रवाना हुआ मंडल का पांचवां जत्था-रिंकू भटेजा

भोपाल हेडलाइन ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के 51 श्रद्धालुओं का पांचवा जत्था सिंदूर का पौधा एवं पवित्र त्रिशूल लेकर अंडमान एक्सप्रेस से भोपाल स्टेशन से रवाना हुआ। इस जत्थे में भोपाल एवं विदिशा के श्रद्धालु शामिल हैं , जत्थे में 9 महिलाएं भी शामिल है ।जत्थे नेतृत्व सुमित गिरी एवं अशोक काकडे द्वारा किया जाएगा । 22 अप्रैल को पहलगाम में बेकसूर 26 पर्यटकों की आतंकवादीयो द्वारा कायराना हमला कर हत्या कर दी थी। उसी स्थान पर मंडल सदस्यों द्वारा सिंदूर का पौधा

रोपण किया जाएगा। भोपाल स्टेशन पर माला पहनकर उनको विदाई देने वालों में मंडल सचिव रिंकू भटेजा, सचिन सेवा रामानी,गुड्डू अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, कपिल ग्वाला, गजेंद्र ठाकुर, प्रदीप सोनी ,मनीष मिश्रा सहित अनेकों मंडल सदस्य उपस्थित थे।

सकलैनी जामा मस्जिद मे कुरान ख्वानी फातह से हुआ लंगरे हुसैन का आगाज़ शोहदाये करबला की याद मे सजाई मेहफ़िल जलसे मे आई ख्वातिनो ने मिलकर की मुलक की खुशहाली ,तरक्की की दुआ हुआ लंगारे आम

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल सकलैनी चौरहा अशोका गार्डन 80 फिट रोड इस्थित सुन्नी सकलैनी जामा मस्जिद वा अहले सुन्नत वल जमात के सदर हजरत सूफी नूर उद्दीन सकलैनी सहाब ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी शोहदाए करबला की याद मे ख्वातिनो के लिये सकलैनी मस्जिद मे जलसा हुआ जिस मे आलिमा सहीबान ने नवासए रसूल हज़रत इमामे हुसैन की ज़िन्दगी ओर करबला के मेदान, मे दीन हक ओर इंसाफ के लिये राहे खुदा मे शहीद हुए शोहदाओ पर कुरान वा हदीस की रोशनी मे बयान किये अमरीन नूर सकलैनी ने अपने बयान मे कहा इमामे हुसैन ने करबला के मेदान से लोगो को पेगाम दिया नफरत को दूर करो ओर मोहब्बत को आम करो इसीलिये आज भी हर मज़हब के लोग पुकारते है हमारे है हुसैन, जल्से मे हजारो महिलाओ ने शिरकत की हज़रत सूफी उद्दीन सकलैनी सहाब ने बताया की सुबह 10 बजे मस्जिद मे कुरान

ख्वनी फाताहा के बाद मस्जिद मे तीन रोज़ लंगरे हुसैनी भी आज से शुरू हो गया है इस पूर नूर मोके पर मस्जिद के ईमाम मोलाना अरीफ सकलैनी हज़रत हाफिज शाहीद सकलैनी सलीम सकलैनी दारूस सकलैन फाउंडेशन के हजरत मुबीन मिया सकलैनी के साथ बेशुमार लोग मोजुद रहे ओर सब ने मुलक की खुश हाली के लिये दुआ कि, दुआ के बाद लंगरे आम हुआ जिस मे हज़ारो लोग लंगरे हुसैन मे शामिल हुये।।

प्रांतीय युवा चिंतन शिविर अखिलविश्व गायत्री परिवार का अनूठा अभियान

भोपाल हेडलाइन समाज में बदलाव की धारा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले गायत्री परिवार अब आयोजित करने जा रहा एक अनोखा युवा संगम जिसमें प्रात भर मे युवाओं को अपने उत्कर्ष से राष्ट्र विकास की बात सिखाई जायेगी। इस विषय में एम पी नगर स्थित स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में एक गोष्ठी हुई। युवा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की इस गोष्ठी में मार्गदर्शन देने हेतु संस्था के वैश्विक मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से युवा प्रकोष्ठ केन्द्रीय समन्वयक श्री केदार प्रसाद दुबे एवं मध्य प्रदेश के केन्द्रीय समन्वयक श्री जगदीश चन्द्र कुलमी यहां आये हुये हैं। आज आयोजित गोष्ठी की जानकारी देते हुये संस्था के मीडिया प्रभारी श्री रमेश नागर ने बताया कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में इस त्रि-दिवसीय प्रांतीय युवा चिंतन शिविर 27 से 29 अक्टूबर 2025 का आयोजन स्थान शारदा विहार आवासीय विद्यालय नीलबड भोपाल में होना है। इसमें प्रांत के सभी जिलों से लगभग तीन हजार एवं अन्य प्रांतों से चयनित युवा कार्यकर्ता आमंत्रित होंगे। दिन में इस हेतु पूर्व में आयोजन स्थल के निरीक्षण के उपरांत सायंकाल में सभी कार्यकर्ताओं की सामान्य गोष्ठी हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुये शांतिकुंज प्रतिनिधि श्री केदार प्रसाद दुबे ने बताया कि आगामी वर्ष 2026 में संस्था की गुरुमाता वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी एवं अखण्ड दीपक के सौ वर्ष पूर्ण होने पर एक विशाल आयोजन का निर्धारण हुआ है। हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ प्रणव पण्डया के मार्गदर्शन के अनुसार इस कार्यक्रम से साधक एवं संगठक स्तर के व्यक्ति तैयार किये जाने हैं जिनके माध्यम से हम आगामी 24 वर्ष की कार्ययोजना बनायेंगे जिस पर चलकर युग निर्माण के स्वप्न को साकार करेंगे। इसी की पृष्ठभूमि पर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में यह विशाल युवा संगम होने जा रहा है। श्री दुबे जी ने आगे बताया कि इसमें हमारे बारह अभियानों में से किसी में भी रुचि रखने वाले युवाओं के समूह बनाकर आगामी पांच वर्ष की कार्ययोजना बनाई जायेगी जो एक एक अभियान में अपना कार्य कर दिखायेगी। इस चिंतन शिविर में नये-पुराने युवक-युवतियों को साधना के द्वारा आत्म परिष्कार और उसके उपरांत भारत-भारती के चरणों में अपने उस उज्ज्वल जीवन को समर्पित करने हेतु प्रेरणा दी जायेगी।

इसकी विधिवत एवं योजनाबद्ध व्यवस्था हेतु उनके द्वारा मूल्यवान सुझाव दिये गये। गोष्ठी में समग्र संचालन हेतु तकनीक एवं कम्प्यूटर के अधिकतम उपयोग करने पर भी सहमति बनी। इसकी विविध समितियों के गठन हेतु शीघ्र ही आगामी बैठक हो इस बात पर भी चर्चा हुई। सभा मध्य प्रदेश समन्वयक राजेश पटेल,प्रांतीय समन्वयक विवेक चौधरी,सह समन्वयक अमर धाकड, श्री आर पी हजारी, श्याम शर्मा, अशोक सक्सेना,श्री सदानंद अंबेकर, सूरज परमार ,मदन समेले, राजूराम विश्नोई, इंजी राहुल श्रीवास्तव, डॉ कौशल, गोपाल, आशा पाठक दीदी ,शांति बारपेटे दीदी,सीमा भलावी दीदी, ज्ञान चौहान,केशरी ,. रामप्रकाश गुप्ता ,अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नई जिम्मेदारी, नई उम्मीदें: टी. यू. सिंह जी ने एच.आर. महाप्रबंधक बनते ही लिया श्रमिक हित में ऐतिहासिक फैसला

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल हेडलाइन भेल भोपाल के नव नियुक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री टी. यू. सिंह जी ने कार्यभार संभालते ही श्रमिकों के हित में जो निर्णय लिया है, वह भेल के हालिया प्रशासनिक इतिहास में एक मिसाल बन गया है। एरियर का मुद्दा बीते दो-तीन महीनों से लगातार यूनियन और श्रमिकों द्वारा उठाया जा रहा था, जिसे लेकर यूनियन ने ज्ञापन, बैठकों और पत्राचार के माध्यम से आवाज़ बुलंद की। हालांकि यह वर्षों पुराना मामला नहीं था, लेकिन इसकी महत्ता और श्रमिकों की एकता को समझते हुए, श्री टी. यू. सिंह ने कार्यभार संभालने के महज तीन दिनों के भीतर ही इस पर स्पष्ट, न्यायपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला ले लिया। भेल के श्रमिकों के बीच अब यह चर्चा आम है कि ÷अब प्रबंधन में ऐसा अधिकारी आया है जो श्रमिकों की बात सुनता है और फ़ैसले लेने में देर नहीं करता।

भेल ठेका श्रमिकों को एरियर भुगतान पर भेल प्रबंधन का ऐतिहासिक फैसला

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल हेडलाइन भेल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट श्रमिक एकता यूनियन द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही एरियर भुगतान की मांग पर आखिरकार भेल प्रबंधन ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह फैसला 03 जुलाई 2025 को भेल भोपाल के मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक ईमेल के माध्यम से सामने आया।

इस निर्णय के अनुसार÷

मई 2024 से फरवरी 2025 तक का एरियर सभी पात्र भेल ठेका श्रमिकों को सीधे क्ष्मश्वरु द्वारा उनके बैंक खातों में प्रदान किया जाएगा।

बढ़े हुए वेतन (एरियर) पर 8.33त्न बोनस का भुगतान भी साथ में किया जाएगा। ESIC (ईएसआईसी) का भुगतान भी एरियर के हिसाब से किया जाएगा। जबकि क्क्न (पीएफ) का भुगतान संबंधित ठेकेदारों द्वारा किया जाएगा। यह आदेश श्री टी. यू. सिंह, अपर महाप्रबंधक (।क्र), भेल भोपाल द्वारा जारी किया गया है, जिन्होंने ठेका श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए यह न्यायपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की है।

इस संघर्ष में एबु यूनियन के महासचिव श्री राम नारायण गिरी जी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने लगातार विभागीय स्तर पर संवाद बनाए रखा और संगठन की आवाज को मज़बूती से उठाया।

यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री मेहर अली ने कहा

यह फैसला भेल ठेका श्रमिकों की एकजुटता और हमारे संगठन की लगातार की गई मांगों का परिणाम है। हम श्री टी. यू. सिंह जी का आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने श्रमिकों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह एक मिसाल है कि अगर श्रमिक एकजुट हों, तो किसी भी अन्याय के खिलाफ जीत संभव है।÷ इसके अलावा यूनियन के अनेक समर्पित और संघर्षशील साथियों अवधेश कुशवाहा, दिलदार खान, आरिफ खान, मलखान मालवीय, फिरोज खान, विजय रजक, रोहित मेढे, लकी हिन्दोलिया, अमित दिवाकर, दिनेश विश्वकर्मा, देवेंद्र, मोहम्मद अशफाक, राजू सिकरवार, जमाल खान, नीरज तोमर, ज्ञान सिंह, फूल सिंह, इरफान खान, लाला भाई, नितिन खंडेलवाल, राजेश, एवं सुनील चौरसिया जी – ने भी इस आंदोलन को जीवित और मज़बूत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के द्वारा देश और दुनिया में सनातन के प्रचार के उद्देश्य

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल अखिल विश्व सत्य सनातन संघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदोरिया सनातन की व्याख्या की सनातन में अष्टांग मार्ग क्रमशःयम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, स्त्रद्धड्ड ह्स्त्रड्ड, ध्यान और समाधि, यह का आशय है सत्य अहिंसा ब्रह्मचर्य असते और अपरिग्रह नियम सोच संतोष तप स्वाध्याय प्राणी धान, आसन शरीर को योग क्रिया से फिट रखना प्राणायाम स्वास्थ्य पर नियंत्रण प्रत्याहार इंद्रियों को विषयों से हटाना अंतर्मुखी करना धड्डरना मां की एकाग्रता ध्यान मां को एक जगह एकाग्र करना समाधि मां की एकाग्रता की चरम सीमा, यह अष्टांग

मार्ग है जो सभी धर्म में निहित है इसकी अष्टांग से कई सिद्धांतों को लेकर अलग-अलग धर्म बन गए सभी का जनक सनातन है इस सनातन के प्रचार प्रसार से कई राज्यों में धर्मगुरु अपने उद्बोधन में सनातनी कहने लगी धीरे-धीरे सभी सनातनी को स्वीकार करेंगे यह पृथ्वी पर मनुष्य की उत्पत्ति के तत्काल बाद ईश्वर के द्वारा बने हुआ नियम है वेदों के रचनाकार महर्षि वेदव्यास नहीं है उन्होंने संकलन किया है वेदों में हजारों ऋषियों की ज्ञान की अवस्था में जो देखा गया सुना गया वह वाणी लिखी गई लिपिबद्ध की गई वही वेद है संकलन karta महर्षि वेदव्यास विश्व के प्रत्येक गांव तक सनातन के सिद्धांतों को घर-घर बताना समझना अखिल विश्व सत्य सनातन संघ ने वीना उठाया है विशेष यह है कि इस संगठन में किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को सदस्यता नहीं दी जाएगी वह कार्यक्रम में आ सकते हैं और इस संगठन में किसी भी तरह का चंदा वर्जित है किसी कार्यक्रम के आयोजन में सभी पदाधिकारी जो सक्षम हो मिलकर कार्यक्रम करेंगे सभी से करबद्ध प्रार्थना है सनातन से जुड़ेंगे और इसका प्रचार प्रसार करें यही परमात्मा का प्रचार प्रसार होगा जय सनातन विजय सनातन सत्य सनातन विश्व सनातन

सर्व समाज मे चलेगा माँसाहार,दहेज मुक्त महाअभियान

संतोष योगी की ख़बर 9993268143

भोपाल हेडलाइन कायस्थ बंधु समिति सम्मान के जरिए करेगी लोगो को जागरूक। भोपाल। कायस्थ

समाज का लोकप्रिय अभियान माँसाहार और दहेज.मुक्त की अपार सफलता मिलने से दिनो दिन समर्थको की संख्या मे विस्तार हो रहा है।अभियान की नीतियो से प्रभावित होकर कायस्थ समाज से ही नही बल्कि सभी समाज के लोगो का भरपूर समर्थन मिल रहा है।इसकी जानकारी अभियान के प्रमुख गिरीश.श्रीवास्तव ने दी।आपने बताया कि माँसाहार,दहेज.मुक्त अभियान निरंतर चलने से कायस्थ समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी आवश्यकता महशूस कर रहे है।